सार-समाचार

तहसील कार्यालय में ज्ञापन दिया

खेतडी, (निसं)। खेतडी उपखंड के खातीपुरा के ग्रामीणों ने गुरुवार को राजस्व ग्राम खातीपुरा को ग्राम पंचायत रवां से हटाकर रोजड़ा जुझारपुर में जोड़ने पर विरोध किया है। इस दौरान उन्होंने खातीपुरा गांव को रवां पंचायत में रखने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया कि राजस्व ग्राम खातीपुरा ग्राम पंचायत रवां में सम्मिलित है। खातीपुरा एवं रवां की सीमा आबादी भूमि आपस में मिली हुई है। गांव खातीपुरा पूर्व में रवां ग्राम से निकलकर ही अलग ढाणी के रूप में बसा था जो रवां की ढाणी के नाम से जाना व पहचाना जाता था। पंचायत मुख्यालय से गांव खातीपुरा से मात्र तीन सौ मीटर दूरी पर ही स्थित है। वहीं रोजडा जुझारपुर गांव खातीपुरा से करीब सात किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इसलिए गांव खातीपुरा को रोजड़ा जुझारपुर में सम्मिलित किए जाने से ग्राम वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रोजड़ा जुझारपुर में खातीपुरा को शामिल करने से ग्रामीणों में काफी रोष है।खातीपुरा के ग्रामीण ग्राम पंचायत रवां में ही रहना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यदि पंचायत में गांव को हटाने का प्रयास किया गया तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर नरोत्तम, मोहर सिंह पूर्व सरपंच, सत्यनारायण उप सरपंच, एडवोकेट रामसिंह, एडवोकेट नागरमल, सुल्तान सिंह, राजकुमार, रामप्रताप, मुंशीलाल, रामावतार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

डीएलएड शिक्षण संस्थाओं की बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में जिले की समस्त डीएलएड शिक्षण संस्थान की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया की अध्यक्षता में किया गया। डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने बैठक में उपस्थित सभी डीएलएड प्राचार्यों को सभी शिक्षण संस्थाओं में डीएलएड के अध्यनरत विद्यार्थियों की नियमित उपस्थित, नैतिकता एवं संस्कारयुक्त गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए निर्देशित किया। ताकि आने वाले समय में देश के लिए संस्कारवान एवं सुयोग्य शिक्षक तैयार किए जा सके। साथ ही परीक्षा सम्बन्धी कार्य, मार्कशीट वितरण, छात्रवृत्ति संबंधी कार्य एवं अन्य कार्य निश्चित समयावधि में करने के लिए निर्देश दिए। डीएलएड जिला प्रभारी अधिकारी प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर के निर्देशानुसार आगामी समय में समस्त डीएलएड शिक्षण संस्थाओ के स्टाफ का अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए विभागीय दिशा-निर्देश से अवगत करवाते हुए अग्रिम तैयारी के निर्देश दिए। जिला स्तरीय बैठक में शशिकांत, अंजू कस्वां, विधि, अंजू सैनी, सुनिता झाझड़िया सहित डीएलएड शिक्षण संस्थान के प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी उपस्थित रहे।

अपार आईडी की समीक्षा बैठक

सीकर (निसं)। सीबीईओ कार्यालय नीमकाथाना में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सीकर राकेश कुमार लाटा ने निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की अपार आईडी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमे जिन विद्यालयों की स्टूडेंट, टीचर,स्कूल प्रोफाइल,विद्यार्थियो की अपार आईडी कम जनरेट हुई है, उन्हें आगामी तीन दिवसों में अपार आई डी जनरेट करने के कार्य की पूर्णता करने के लिए निर्देशित किया। अपार आईडी विद्यार्थी के शैक्षिणक जीवन में महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट है, भारत सरकार ने प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी जनरेट के लिए सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है। सीबीईओ विनोद कुमार शर्मा ने बताया की नीमकाथाना में अभी तक 63 विद्यार्थियों की अपार आईडी जनरेट हुई है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी जनरेट करनी है, कार्यशाला में स्कूल संचालकों द्वारा अपार आईडी बनाने में आने वाली समस्याओं का ब्लॉक एवं जिला कार्यालय द्वारा समाधान करने के बारे में बताया गया। आर पी शशिकांत शर्मा, रजनीश कुमार को भी विद्यालयों के सहयोग का दायित्व दिया गया है।

पूर्व विधायक ने जनसुनवाई की

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र से आये आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान महर्षि ने कहा कि राज्य सरकार का जनकल्याणकारी बजट सभी वर्गों के लिए विकासोन्मुखी साबित होगा । राज्य सरकार का बजट शिक्षित,स्वस्थ एवं समृद्ध राजस्थान बनाने की ओर शानदार पहल है। जनसुनवाई में सडक, चिकित्सा, शिक्षा,पानी एवम बिजली की विभिन्न समस्याओं सहित अनेक मुद्दें पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, प्रभारी ओमप्रकाश महर्षि, भाजपा युवा नेता सुनील शर्मा, प्रवीण शर्मा, सुशील इंदोरिया, संदीप शर्मा, वरिष्ठ नेता भोलेनाथ धर्ड, गोपालकृष्ण शर्मा,निरंजन रूंथला, राकेश शर्मा (आईस) समाजसेवी रूबी महर्षि, संतोष तालणियां, कौशल्या सैनी, स्वरूप सिंह सेहला, नदीम चेजारा, सलीम खान आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

बलदेवानंद सरस्वती महाराज के मंगल महोत्सव पर धार्मिक आयोजन

बगड, (निसं)। कस्बे के खेड़ी मोहल्ला स्थित दादू बगीची के पास बलदेवानंद सरस्वती महाराज के अष्टम मंगल महोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजनों का गुरुवार को समापन हुआ। गुरुवार को सुबह पंडित सुभाष शर्मा के आचार्यत्व में हवन यज्ञ हुआ। जिसमें यजमान संतोष दाधीच भाजपा नगर अध्यक्ष सुदर्शन चौमाल, मनोहरलाल सोनी, उम्मेदसिंह, वीरेन्द्रसिंह शेखावत, त्रिलोकसिंह राठौड़, भवानीशंकर व्यास, राजेश सैनी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष पुरूषोत्तमलाल शर्मा, सुनिल झाझड़िया, अवधेश ओझा, दामोदर पारीक, आकाश, बबलू दाधीच, अनिरुद्ध शर्मा, संतोष सोनी, गोविंद शर्मा, भाजपा नगर महामंत्री नरेश शर्मा, राजेंद्र कानोडिया आदि ने पूजा अर्चना के पश्चात समाधि पूजन किया। इसके पश्चात संतों का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पालिकाध्यक्ष गोविंदसिंह राठौड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, आकाश दाधीच आदि ने शॉल व माला पहनाकर सम्मान किया।

फागोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

खिरोड, (निसं)। लोहार्गल धाम की चौबीस कोसीय परिक्रमा मार्ग में आने वाले गांव रामपुरा में स्थित श्री वीर हनुमान दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर, संत आश्रम में दो मार्च को फागोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। संत आश्रम व लोहार्गल धाम के श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के महंत स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज के मुताबिक कार्यक्रम का शुभारंभ श्री वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी की विशेष पूजा अर्चना के साथ होगा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को विशेष रूप से शृंगारित किया जाएगा। फागोत्सव कार्यक्रम में भजन गायक कलाकारों प्रस्तुति देंगे। फागोत्सव के विशाल कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित दूर दराज से भी श्रद्धालु भाग लेंगे।

विकास कार्यों का उद्घाटन किया

तारानगर (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ गुरुवार को तारानगर के गाँव देवगढ़ पधारे जहाँ उन्होंने गाँव की श्रीनाथ गौशाला में विकास कार्यों का उद्धघाटन किया एवं भामाशाह फोगावट परिवार का सम्मान भी किया। शानदार बजट पर क्षेत्रवासियों ने राठौड़ का जगह-जगह स्वागत किया। तारानगर क्षेत्र के गाँव बांय में पीएचसी से सीएचसी बनाने पर बांय गाँव के ग्रामीणों में राठौड़ का अभिनंदन स्वागत किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का ग्रामवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर भाजपा सरकार का धन्यवाद अर्पित किया।

विद्यार्थियों को टाई-बेल्ट व आईडी कार्ड बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। समीपवर्ती पकौडी की ढाणी स्थित राउमावि के वरिष्ठ अध्यापक हरिश कुमार ने अपने पिता स्व. कुंदनसिंह कृष्णियां की नौवीं पुण्य तिथि के अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को टाई, बैल्ट तथा आई कार्ड वितरित किए। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर हरिश कुमार का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का हो समयबद्ध निस्तारण : सुराणा

- जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में जन अभाव-अभियोग सुने
- अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने डीओआईटी वीसी सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिलेभर से आमजन के अभाव-अभियोग सुने व अधिकारियों को परिवादों में समुचित जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए फरियादियों के परिवाद सुनकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण हो। प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करें और फरियादियों को समुचित निस्तारण से संतुष्ट करें।

बजट घोषणाओं को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में हुई बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व किए जाने वाले पत्राचार संबंधी कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी हो। सभी विभागों के अधिकारी बजट में उनके विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के बारे में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। चूरू महोत्सव-2025 के आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। अपने परिवेश के लोगों तथा विभागीय सेवाओं के लाभार्थी वर्ग को भी महोत्सव के लिए आमंत्रित करें।

उन्होंने कहा कि महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें। जन सुनवाई के दौरान रास्ते के विवाद, मोरथल में गोचर भूमि पर अतिक्रमण, सड़क दुर्घटना, स्वच्छता, जल भराव, पट्टे बनवाने, डेयरी बूथ हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने, मंदिर की भूमि में काश्त करने व पुजारियों के नाम रजिस्टर में दर्ज करने, चांदगोठी में संचालित कृषि महाविद्यालय हेतु भूमि आवंटन, ओम कॉलोनी में पानी भराव व अंडरपास निर्माण, फर्जी पट्टे बनाने, आरटीआई, पीएम आवास योजना सहित कुल 40 प्रकरण प्राप्त हुए।

प्रकरणों को लेकर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समुचित जांच करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी कृष्णा, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, एसीईओ दुर्गा ढाका, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई रामर्मूर्ति, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, उद्यान उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर डूडी, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, सांख्यिकी उपनिदेशक आरजी सेपट, आयुर्वेद सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा, सहायक खनि अभियंता नौरंगलाल, सहायक निदेशक बृजेन्द्र दाधीच, आईसीडीएस डीडी डॉ. नरेन्द्र शेखावत, रेंजर पवन, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, एक्सईएन प्रेम कुमार, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत सहित अधिकारी तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुडे रहे।

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

रतनगढ़ (निसं) अभिभाषक संघ रतनगढ़ ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार को भारत सरकार द्वारा एडवोकेट संशोधन अधिनियम 2025 (प्रस्तावित) में काले कानून बनाने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा।

जनसुनवाई आयोजित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसुनवाई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में भूमिगत रास्तों एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने, पेयजल आपूर्ति करवाने, टूटी ब्लॉक सड़क का निर्माण करवाने, सीसी सड़क के पास नाला निर्माण करवाने, सीमाज्ञान करवाने, सड़क निर्माण की भूमि का मुआवजा दिलाने, मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटाने सहित कुल 50 परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को नगर पालिकाओं के पुनर्गठन एवं सीमाओं के विस्तार से संबंधित प्रस्ताव भिजवाने, फॉर्म रजिस्ट्री कैंपो में अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने,खाटूश्याम मेले से संबंधित तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने आमजन से जुड़ी विभागीय समस्याओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के परिवाद ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निस्तारण के निर्देश दिए।

सुरक्षा प्रशिक्षण एवं रोजगार पंजीकरण शिविर 25 से

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भावना शर्मा ने बताया कि जिले के सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईज़र भर्ती कैंप का आयोजन सभी पंचायत समितियों पर 25 फरवरी से एक दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण एवं रोजगार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। भर्ती अधिकारी राम कृष्ण सिह ने बताया कि 25 फरवरी को पंचायत समिति अजीतगढ़ तथा 27 फरवरी को पंचायत समिति दांतारामगढ़, 28 फरवरी को पंचायत समितिफतेहपुर शेखावाटी, 3मार्च को पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़, 4 मार्च को पंचायत समिति पाटन, 5 मार्च को पंचायत समिति पलसाना, 6 मार्च को पंचायत समिति पिपराली, 7 मार्च को पंचायत समिति धोद में प्रातः 10.30 बजे से सायं 3 बजे तक रोजगार शिविर आयोजित किये जायेंगे। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति जिनकी योग्यता 10वी पास, उम्र 19 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी0, वजन 52 से 96 किलो एवं सुपरवाईज़र के लिए स्नातक, कम्प्यूटर, उम्र 21 से 45 वर्ष, ऊँचाई 170 सेमी., वजन 58 से 96 किलो हो वे सभी अपनी 10वीं पास की अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर आफलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाईल नम्बर 96679899993 पर सम्पर्क कर सकते हैं। चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक मेट्रो स्टेशन ग्रेटर नोएडा में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित प्रमाण पत्र के साथ राजस्थान के बड़े-बड़े ओद्योगिक क्षेत्रों जैसे बीकानेर सोलर प्लांट जयपुर कोकाकोला, मारुति सुज़की में 15000 से 18000 हजार तक के मासिक सेलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ ,पेंशन सुविधाएं दी जाएगी।

दहेज मुक्ति का संदेश दिया

खेतड़ी , (निसं) खेतड़ी उपखंड के ढाणी बाढान में टीके की रस्म के दौरान दुल्हन के पिता ने दुल्हे को पांच लाख रूपए दिए। इस दौरान राजस्थान पुलिस में कार्यरत दुल्हे ने दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए अनूठी मिसाल पेश करते हुए दूल्हे ने टीके में मिले पांच लाख रुपए वापस लोटा दिया। परंपरा को निभाने के किए दूल्हे और उसके पिता ने रस्म के रूप में एक रुपया और नारियल लेकर शादी कर एक सराहनीय पहल की। जानकारी के अनुसार बाढा की ढाणी निवासी बंजरग सिंह राजपूत की बेटी निलम कंवर की शादी 18 फरवरी मंगलवार को डीडवाना जिले के मामरोधा निवासी गिरधारीलाल के पुत्र अजयसिंह के साथ शादी हुई। टीके की रस्म में दुल्हन के पिता ने दुल्हे को रस्म के रूप में पांच लाख रूपए दिए लेकिन दुल्हा व उसके पिता ने पांच लाख रूपए लोटा दिए।शगुन के नाम पर सिर्फ एक रूपया व नारियल लिया।

जरूरतमंदों को लगभग 4800 कंबल बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण का कार्य किया जाना बहुत ही पुनीत कार्य है। इस कार्य को पिछले पांच वर्षों से लगातार कर रहा है। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था झुंझुनूं, जिसके संस्थापक ट्रस्टी एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. डीएन तुलस्यान के कुशल नेतृत्व में विभिन्न उदारमना दानदाताओं के सहयोग से इस वर्ष जरूरतमंद लोगों को लगभग चार हजार आठ सौ कंबल वितरण किए गए। पिछले वर्ष कम रेंज की 6500 कंबल वितरण की गई थी। इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले डबल से भी अधिक मूल्य की कंबले वितरण की गई। इस वर्ष सेवा कार्यों की शृंखला में भोजन की थाली, सड़क सुरक्षा में हेलमेट, स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री, जूते, जुराब एवं स्वेटर भी वितरण किए गए। संस्था ने इतनी बड़ी संख्या में कंबल वितरित कर जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया। संस्था ट्रस्टीज का मानना है कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है। जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। यह कंबल हर उस गरीब व बुजूर्गों के लिए जीवनदायिनी साबित हुआ है जिनके पास ठंड से बचने का और कोई उपाय नहीं है। निसंदेह इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा कार्य कुछ नहीं हो सकता। उक्त कंबल ना केवल झुंझुनूं शहर में अपितु झुग्गी झोपड़ी, कच्ची बस्ती, रीको एरिया, बगड़ रोड, मंड्रेला रोड, चूरू रोड, मंडावा रोड, वारिसपुरा रोड, इंडाली रोड एवं ग्रामीण इलाको सुलताना, बिसाऊ, बगड़, रामगढ़, बिरमी, हसनसर एवं चुड़ैला इत्यादि में भी वितरण किए गए।

इन सेवा सहयोगियों का रहा योगदानः- जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम में संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, रोहिताश्व बंसल, सीए पवन केडिया, सुनील तुलस्यान, संतोष भगेरिया, संदीप बेरीवाला, जिला प्रशासन, नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन, प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, डीआईजी शरद चौधरी, कलेक्टर रामावतार मीणा, एडीएम डॉ. अजयकुमार आर्य, स्वच्छ भारत अभियान के एंबेसडर केके गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रियंका पिलानिया, उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज मील, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग घनश्याम गोयल, स्टेट जीएसटी के जॉइंट कमिश्नर उमेश जालान, नगर परिषद सभापति नगमा बानो एवं आयुक्त दलीप पूनियां, जिला जेल अधीक्षक प्रमोद सिंह शेखावत, अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष संपत चुड़ैलेवाला, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सत्यदेव दड़िया, रीको मंगलम भोग आटा फैक्ट्री के रोहिताश्व बंसल, लॉयंस क्लब झुंझुनूं, चूणा चौक विकास समिति, झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन स्कूल, लघु उद्योग भारती शाखा झुंझुनूं एवं श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं, रीको लिमिटेड, उद्योग विभाग, धर्मदास चैरिटी ट्रस्ट, श्री गल्ला व्यापार संघ, झुंझुनूं नागरिक मंच, झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित एबीएन स्कूल सहित अन्य संस्था एवं नवल किशोर खंडेलिया, आशीष तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, प्रमोद खंडेलिया, नेमी अग्रवाल, सुमित पांडे, डॉ. संजय कटेवा, शिवचरण पुरोहित, उमाशंकर महमिया एवं कमल केजड़ीवाल सहित अन्य गणमान्य जन का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/2906 दिनांकः-20.02.2025

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री रायसिंह पुत्र श्री बीरबलराम जाति जाट निवासी रामपुरा मटोरिया तहसील रावतसर ने आवेदन कर अपने नामान्तरण शुदा आवासीय भूखंड साईज 282 वर्गगज का एकीकरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा दिनांक 03.03.2009 को श्री विजय कुमार पुत्र श्री चिमनलाल अरोड़ा के नाम से 227.04 वर्गगज का जारीशुदा है। पालिका आदेश क्रमांक 26991 दिनांक 05.04.2022 व पालिका आदेश क्रमांक 64761 दिनांक 21.12.2023 के द्वारा नामान्तरण श्री राय सिंह पुत्र श्री बीरबल राम के नाम जारीशुदा है। प्रार्थी राय सिंह पुत्र श्री बीरबलराम के नाम से पालिका क्रमांक 2226 दिनांक 14.10.2024 वर्गगज का एकीकरण प्रार्थी अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अत उक्त भूखंड का एकीकरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/2910 दिनांकः-20.02.2025

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्योनारायण पुत्र श्री मुखराम जाति सुथार साकिन रामपुरा मटोरिया तहसील रावतसर अपने खरीदशुदा भूखंड साईज 291 वर्गगज का नामांतरण अपने नाम से नगरपालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्?टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती सगीता देवी पत्नी नारायण सिंह के नाम से दिनांक 22.08.2008 को साईज 291 वर्गगज का जारीशुदा है। जिसका नामांतरण पूर्व पालिका आदेश क्रमांक 1378 दिनांक 23.06.2011 को श्री हेतराम पुत्र श्री हरीराम जाट व प्रहलाद पुत्र श्री हसराज के नाम से जारीशुदा है। श्री हेतराम ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.08.2024 को उक्त भूखंड श्री श्योनारायण पुत्र श्री मुखराम को बेचान कर दिया। तथा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री हेतराम पुत्र श्री हरीराम जाट के नाम से खाचा भूमि साईज 38.84 वर्गमीटर का जारीशुदा है। श्री हेतराम ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.08.2024 को उक्त भूखंड श्री श्योनारायण पुत्र श्री मुखराम को बेचान कर दिया। जिसका नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/2885 दिनांकः-20.02.2025

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मंजू देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार जाति लुहार साकिन वार्ड नं. 01 रावतसर अपने खरीदशुदा भूखंड का नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा के तहत दिनांक 30.06.1993 को साईज 182.25 वर्गगज श्री झिण्डूराम पुत्र श्री मुंशीराम के नाम से पट्टा जारीशुदा है। उक्त मूल पट्टाधारक ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.08.2009 के द्वारा श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार को बैचान कर दिया। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/2889 दिनांकः-20.02.2025

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी भागवंती पत्नी जय किशन जाति कुम्हार साकिन वार्ड नं. पुराना 04 नया 05 रावतसर अपने खरीदशुदा भूखंड साईज 106.75 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से नगरपालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा के तहत दिनांक 20.03.2013 को साईज 281.75 वर्गगज का श्री कृष्णलाल पुत्र श्री प्रभूराम कुम्हार के नाम से पट्टा जारीशुदा है। उक्त मूल पट्टाधारक ने जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 31.01.2025 को उक्त भूखंड में से पूर्वी हिस्सा साईज 89.28 वर्गमीटर अपनी पुत्री भागवंती पत्नी जय किशन को दान कर दिया। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/2881 दिनांकः-20.02.2025

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी निर्मला पत्नी श्री देवीलाल जाति ब्राह्मण साकिन वार्ड नं. 16 रावतसर ने आवेदन कर अपने दानग्रही आवासीय भूखंड साईज 149.77 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। मूल आवंटी श्री देवीलाल पुत्र चुन्नीलाल शर्मा के नाम से साईज 149.77 वर्गगज का दिनांक 07.09.2009 के नाम से जारीशुदा है। उक्त मूल आवंटी ने जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 08.02.2018 के द्वारा अपने पत्नी निर्मला पत्नी श्री देवीलाल को साईज 149.77 वर्गगज का दान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

यह कि मेरा पुत्र नवीन कुमार पुत्र रोहताष जाति जाट निवासी देवीपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू आवारा एवं बदमाश प्रवृति का व्यक्ति है, जो आवारा एवं बदमाश प्रवृति के व्यक्तियों की गैंग में रहता है। इस कारण मैं मेरे पुत्र से परेशान हो गया हूँ। मैं मेरे पुत्र नवीन कुमार को मेरी समस्त प्रकार चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। यदि मेरा पुत्र नवीन कुमार किसी भी प्रकार का गलत कार्य करता है तो मेरा उससे कोई लेना देना नहीं होगा। गांव देवीपुरा में मेरी जो भी चल-अचल सम्पति स्थित है, उसमें मेरे पुत्र नवीन कुमार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। यदि मेरा पुत्र किसी के साथ कोई लेन-देन करता है, तो मेरा उससे मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, लेन देन करने वाला स्वयं ही जिम्मेवार होगा। मैं मेरे पुत्र को मेरी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। सूचित करता हूं। सूचित रहे।

शपथग्रहीता
रोहताष पुत्र हिराराम जाति जाट निवासी देवीपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

यह कि प्रीति मेरी पुत्री है, जिसने दिनांक 21.01.2025 को मेरे व मेरे परिवार को बिना बताए अपनी मर्जी से अपने ही परिवार और वर्श एवं गोत्र के लडक़े के साथ शादी कर ली है, जिसकी मैंने गुमशुदा पंजीयन संख्या 0009/2025 पुलिस थाना हमीरवास में दर्ज कराई थी, जिसकी उच्च न्यायालय जोधपुर याचिका संख्या 37/2025 पर दिनांक 18.02.2025 को मेरी पुत्री प